शिक्षा का उत्थान    शिक्षक का सम्मान    मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## की प्रस्तुति

### बच्चों द्वारा रचित बाल कविताओं का संग्रह

# बाल सृजन संसार

(माह- नवम्बर 2022)







आओ हाथ से हाथ मिलाएँ, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएँ।    #9458278429

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 01-11-2022 | **263** | दिन- मंगलवार



## नीम



नीम का पेड़ छाया देता,
टहनी से दातून करते हैं।
आसानी से यह उग जाता,
घर, स्कूल में लगा सकते हैं।।




पत्ते इसके नुकीले होते,
तना खुरदरा होता है।
स्वाद में यह कड़वा होता,
बहुत गुणकारी होता है।।


रचना-
धर्मवीर (कक्षा-6)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार


दिनाँक- 02-11-2022 | 264 | दिन- बुधवार



## तितली

तितली दिन में उड़ती है,
रात में जाकर सो जाती है।।
तितली मन को भाती है,
फूलों पर मंडराती है।।





तितली फूलों का रस लेती,
हाथ में पकड़ न आती है।
जैसे मैं इसको हाथ लगाता,
तितली झट उड़ जाती है।।

रचना-
धर्मवीर (कक्षा-6)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलाएं, बेसिक शिक्षा का मान बढ़ाएं। 9458278429


दिनाँक- 03-11-2022

265

दिन- गुरुवार

# जानकारियाँ...

स्कूल जाना है अर्जेंट,
द्रोपदी मुर्मू प्रेसीडेंट।
पौधों में तुम डालो पानी,
दिल्ली भारत की राजधानी।।




स्वच्छ रखो अपना परिवेश,
राज्य हमारा उत्तर प्रदेश।
चलो सड़क पे रख सावधानी,
लखनऊ यूपी की राजधानी।।

हार न मानों करो प्रयास,
राजकीय पुष्प का नाम पलास।
मछली संग धनुष और बाण,
राजकीय चिन्ह यूपी की शान।।

रचना-
संस्कृति मिश्रा (कक्षा-8)
उ0 प्रा0 वि0 चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद


## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 04-11-2022

266

दिन- शुक्रवार

### मेरा दोस्त



मेरा दोस्त बहुत है सच्चा,
पढ़ाई में बहुत है अच्छा।
वह रोज स्कूल आता है,
पढ़ने में मन लगाता है।।



झूठ कभी वह न बोले,
मेरे संग क्रिकेट खेले।
हम दोनों संग खाना खाते,
संग में दोनों पढ़ने जाते।।



रचना-
सचिन कुमार (कक्षा-7)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद



# बाल सृजन संसार

दिनाँक-05.11.2022 | 267 | दिन-शनिवार

## बाल दिवस है आने वाला



बाल दिवस है आने वाला,
बच्चों का त्योहार मनोहर।
हर बच्चे से चाचा जी का,
रहा जुड़ाव बड़ा ही हितकर।।

14 नवम्बर जब आएगा,
हम बच्चे स्कूल सजाएँगे।
देश की रक्षा करने वाले,
नेहरु चाचा को फूल चढ़ाएँगे।।

सिर पर पहने टोपी नेहरू जी,
करते देशभक्ति के काम।
युगों-युगों तक करेगा भारत,
नेहरु चाचा तुम्हें सलाम।।

चाचा नेहरू के सपने,
अपनी आँखों में बसाना है।
दुश्मन को धूल चटाने वाले,
चाचा का जन्म दिवस मनाना है।।




रचना
नेहा यादव (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० स्योढा,
बिसवाँ, सीतापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद
बाल सृजन संसार
दिनाँक- 07/11/2022
268
दिन- सोमवार

# प्यारी नदिया



नदिया है ये बहुत प्यारी,
जग में है सबसे न्यारी।
पानी इसका शीतल-निर्मल,
सबकी प्यास बुझाने वाली।

पर अफ़सोस बहुत होता है,
मानव जब गन्दगी फैलाता है।
दूषित कर नदिया का जल,
बीमारी को पास बुलाता है।।



मत फैलाओ जल प्रदूषण,
मत बनो मृत्यु का करण।
जल से संचित है जीवन,
करो प्रदूषण का निवारण।।

रचना-
श्रेया विश्वकर्मा (कक्षा- 7)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
ब्लॉक- जमालपुर, जनपद- मिर्ज़ापुर



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद
बाल सृजन संसार
दिनाँक- 08.11.2022
269
दिन- मंगलवार

# माँ की ममता...

मैं जो कभी नाराज़ हो जाऊँ,
देकर चॉकलेट मनाती माँ।
शाम को लोरी सुनाती है,
अच्छी बातें बताती है माँ।।

माँ की ममता माँ का प्यार,
झूठा है सारा संसार।
तुम हो मेरी प्यारी माँ,
भोली-भाली मेरी माँ।।

दुनिया भर की सैर कराती,
पापा की डाँट से बचाती है।
हर साल मनाती जन्मदिन मेरा,
ढेर सारे उपहार दिलाती है।।

माँ है मेरी सबसे प्यारी,
माँ है मेरी सबसे न्यारी।
उँगली पकड़ चलना सिखलाती,
सही-गलत की राह बताती।।





रचना
गोलू (छात्र, कक्षा 8)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

दिनाँक- 09/11/2022 | 270 | दिन- बुधवार

# थाम लो हाथ माँ- बाप का

पाल- पोस कर बड़ा किया,
जिन्होंने तुमको जन्म दिया।
इनकी कदर तुम करना जरुर,
वरना नर्क में भी जगह मिलेगी नही।
स्वर्ग की बात तो बड़ी है दूर।।




जब माँ- बाप हो जाते हैं बूढ़े,
तो ना छोड़ो इनका साथ।
बन जाओ इनका सहारा,
और थाम लो इनका हाथ।।

माँ- बाप करते कितनें श्रम,
पर कई लोग उन्हें छोड़ देते हैं वृद्धाश्रम।
माँ- बाप ने कितने किए है श्रम,
फिर क्यों हम देते हैं इतने गम?

भूखे हैं प्यार के,
बच्चों के परिवार के।
तरसे उनकी आँख बस,
तुम दे दो प्यार वो पड़ेंगे हँस।।


रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनिया, जनपद- चन्दौली



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार



दिनाँक- 10/11/2022

271

दिन- गुरुवार

# अच्छी आदतें




आओ हम सब सीखें,
अच्छी-अच्छी आदतें।
सुबह को जल्दी उठ जाओ,
मञ्जन कुल्ला कर आओ।।


थोड़ा कसरत, दौड़ा-भागी,
जिससे स्वस्थ रहते हम काफी।
चाय की जगह तुम दूध पियो,
फलों को अच्छे से धोकर खाओ।।

गन्दे बच्चे रोते हैं,
हम तो अच्छे बच्चे हैं।
मम्मी को बॉय कहकर हम,
स्कूल को सब जाते संग।।

रचना-:
तनीषा बिष्ट (कक्षा-9)
रा० बा० इ० का० अल्मोड़ा
धारानौला, जनपद- अल्मोड़ा
(उत्तराखण्ड)



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 11-11-2022

**272**

दिन- शुक्रवार

## सामान्य जानकारियाँ...

*यू० पी० में हैं जिला पचहत्तर,*
*जोन तीन हैं, अठारह मण्डल।*
*करूँ प्रणाम जोड़ के हाथ।*
*CM योगी आदित्यनाथ।।*







*राज काज देखें हैं निरन्तर,*
*आनन्दी बेन UP की गवर्नर।*
*सांसद सीट यहाँ से अस्सी,*
*24 करोड़ जनसंख्या बसती।।*

*लखनऊ यू० पी० की राजधानी,*
*नबाबी नगरी बड़ी सुहानी।*


रचना-


**श्वेता मिश्रा (कक्षा-8)**

**उ० प्रा० वि० चित्रवार**

**क्षेत्र- मऊ जनपद- चित्रकूट**




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक- 12/11/2022

273

दिन- शनिवार

# हो गयी सुबह


मुर्गा बोला मैं गीत सुनाऊँ,
कुकड़ू कु, कुकड़ू कु गाँऊ।
हो गयी सुबह तुम उठ जाओ,
मंजन करो और नहाओ।।





करो नाश्ता, स्कूल जाओ,
पढ़-लिखकर ज्ञान पाओ।
पुस्तक है ज्ञान का भण्डार,
ज्ञान का प्रकाश फैलाओ।।

पढ़-लिखकर तुम बनो महान,
पाओ जग में तुम सम्मान।
मात-पिता का बढ़ेगा मान,
बढ़ेगा तुम्हारा आत्मसम्मान।।

रचना-
प्रांजलि अग्रहरी (कक्षा- 7)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
ब्लॉक- जमालपुर, जनपद- मिर्ज़ापुर





# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 14.11.2022

274


दिन-सोमवार

## बाल दिवस...

चाचा नेहरू का जन्मदिन आया,
बहुत सी खुशियाँ संग में लाया।
जन्मदिन चाचा का मनाएँगे,
सबको हम केक खिलाएँगे।।

सिर पर उनके टोपी रहती,
कुर्ता-पाजामा पहनते चाचा।
चलते लगते जिन्हें गुलाब,
ऐसे हमारे नेहरू चाचा।।


चाचा नेहरू से बच्चों का,
बड़ा पुराना नाता है।
जन्मदिवस चाचा नेहरू का,
"बाल दिवस" कहलाता है।।





रचना
अनुज कुमार (छात्र, कक्षा 6)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

बाल सृजन संसार

दिनाँक- 15/11/2022

275

दिन- मंगलवार

# ठण्डी आयी



ठण्डी आयी, ठण्डी आयी,
ठिठुर-ठिठुर कर रहते भाई।
ठण्डी आयी, ठण्डी आयी,
स्वेटर पहने रहते भाई।।

ठण्डी आयी, ठण्डी आयी,
ठण्डी सर्दी भी लायी।
ठण्डी आयी, ठण्डी आयी,
ठण्डी है पानी को ठण्ढ़ाई।।

रचना-
नेहा कुमारी (कक्षा- 5)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनियाँ, जनपद- चन्दौली



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 16-11-2022 | 276 | दिन- बुधवार

## नदी की धुन

पानी नदी में बहता है,
कल-कल करके कहता है।
हर पल तुम चलते रहना,
बच्चों! तुमसे यही है कहना।।




अच्छे काम जो करता है,
जीवन सुख से भरता है।
ठहर गए जो तुम थककर,
सलाम न करेगा कोई झुककर।।

पानी सा तुम निर्मल बन जाना,
रोते हुए को खूब हँसाना,
दीन-दुखी की सेवा करके,
आगे-आगे बढ़ते जाना।।


रचना-
अंकित कुमार (कक्षा-6)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट




शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 17/11/2022

**277**

दिन- गुरुवार

# पेड़ों का महत्व



पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
हरा-भरा जीवन बनाओ।
छाया ये हमको देते हैं,
फल भी ये हमको देते हैं।।

पेड़ों को मत काटो,
पेड़ों के बिना कोई नहीं।
प्राणवायु ये हमें देते हैं,
पेड़ नहीं तो मनुष्य नहीं।।

अपने घर में पेड़ लगाओ,
घर के आगे फुलवारी बनाओ।
पेड़ काटना गुनाह है,
पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ।।

पेड़ों से हम लकड़ी पाते हैं,
पेड़ों से हम फर्नीचर बनाते हैं।
पेड़ लगाओ, पेड़ लगाओ,
हरा-भरा जीवन बनाओ।।

🙏 रचना-:
कु० कामिनी (कक्षा-8)
रा० उ० प्रा० वि० धारकोट
ब्लॉक- अगस्त्यमुनि, रुद्रप्रयाग
(उत्तराखण्ड)



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 18/11/2022

278

दिन- शुक्रवार

## बाल दिवस





आया बाल दिवस है आया,
बच्चों के लिए कई खुशियाँ लाया।
हमको बड़ा मजा, आज आया,
आखिर बाल दिवस है आया।।


सब बच्चे स्कूल आएँगे,
नाचेंगे खुशी से सब गायेंगे।
मस्ती में सब मिल झूमेंगे,
स्टॉल लगाकर मौज लूटेंगे।।

14 नवम्बर जन्म नेहरू चाचा का,
बच्चों का है खुशी से नाता।
बच्चों से ही प्रेम के खातिर,
चाचा का जन्म, बाल दिवस कहलाता।।



🙏 रचना-:
सोनिया (कक्षा 5)
रा० प्रा० वि० देवल चौड़
ब्लॉक- हल्द्वानी, नैनीताल

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार


दिनाँक- 19/11/2022

279

दिन- शनिवार

## हाथी राजा


हाथी राजा, हाथी राजा ,
खाना खाते ताजा-ताजा।
सूंड हिलाते चल पड़े,
देखो हैं ये कितने बड़े।।



जब भी जाते हैं बाज़ार,
हिला देते हैं घर-द्वार।
डरते हैं इनसे सब बच्चे,
लेकिन हैं यह बहुत अच्छे।।

बहुत सारे बच्चे आते ,
हाथी को खाना खिलाते।
पूरे गाँव में धूम मचाते,
बच्चे इनको हाथी राजा बुलाते ।।


रचना-
आराध्या अग्रहरि (कक्षा - 7)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
ब्लॉक- जमालपुर, जनपद-मिर्ज़ापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 21.11.2022 | **280** | दिन- सोमवार

## सड़क सुरक्षा नियम...




सड़क सुरक्षा नियमों का,
बच्चों सदा ही पालन करना।
जीवन है ये बड़ा अनमोल,
इसकी रक्षा हमेशा करना।।

सड़क पार जब तुम्हें ही करना,
इतनी बात ध्यान में रखना।
देखना पहले अपने दाएँ,
फिर तुम देखना अपने बाएँ।।


लाल बत्ती का रखना ध्यान,
मोबाइल से रहना सावधान।
नशे में गाड़ी नहीं चलाना,
सुरक्षित अपने घर को जाना।।




रचना
नेहा यादव (पूर्व छात्रा)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद



# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 22/11/2022

281

दिन- मंगलवार


## हे! विघ्नहर्ता

गणपति बप्पा मोरया,
हम करेंगे सदा तेरी सेवा।
तेरे आने से दुख दूर गया,
तू तो विघ्नहर्ता है देवा।।

आता है तू खुशियाँ लेके,
कृपा अपनी बरसाता है।
जाता है खुशियाँ देके,
फिर याद हमें तू आता है।।

मूषक है तेरा सवारी,
तेरे आगे दुनिया हारी।
माता-पिता के चक्कर लगा के,
घूम ली तूने दुनिया सारी।।


साथ जो तेरा रहे अगर,
कमजोर ना पड़ेंगे मेरे डगर।
मन्जिल मेरी करा दे पार,
तेरे लिए मैं जाऊँ हार।।



रचना-
रोली शर्मा (पूर्व छात्रा)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनिया, जनपद- चन्दौली



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

## बाल सृजन संसार

दिनाँक- 23-11-2022 282 दिन- बुधवार

### कुआँ



कुआँ का पानी होता मीठा,
उससे पानी भरती सीता।
कुआँ का पानी हम पीते,
इससे हम खेत भी सीचें।।


कुआँ में न कूड़ा-करकट डालो,
आज-पास को साफ बना लो।
कुआँ की हम सब पूजा करते,
रस्सी से बाँध बाल्टी पानी भरते।।



हमारे गाँव में कुआँ हैं चार,
इसमें कभी न आती बाढ़।
इसकी जगत में न तुम बैठो,
यहाँ न खेलो बच्चों ठहरो।।

रचना-
नीरज कुमार (कक्षा-7)
उ० प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट





शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 24/11/2022

**283**

दिन-गुरुवार

चन्दा मामा दूर गगन से,
मेरे घर भी आओ ना।
गा कर लोरी मीठी-मीठी,
मुझको तुम सुलाओ ना।।




## चन्दा मामा


ले जाकर मुझे बादलों में,
मेरा मन  बहलाओ ना।
अपनी गोदी के पालने में,
झूला मुझे झूलाओ ना।।

खुले आसमान की सैर,
तुम मुझको कराओ ना।
गाकर लोरी मीठी-मीठी
मेरा दिल बहलाओ ना।।


रचना-
आराध्या अग्रहरी (कक्षा-7)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
ब्लॉक- जमालपुर, जनपद- मिर्ज़ापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 25/11/2022

**284**

दिन- शुक्रवार

## धरती



पृथ्वी हमारी जन्मदाता,
इसमें रहता पानी बहुत सारा।
पेड़ इसमें में होते भिन्न-भिन्न के,
पशु पक्षी रहते तरह-तरह के।।

अलग-अलग भाषाएँ सबकी,
अलग-अलग हैं वेशभूषा।
रंग-बिरंगे फूलों वाली प्यारी,
है ये धरती सुन्दर हमारी।।


इसको स्वच्छ रखना,
ये जिम्मेदारी है हमारी।
हमारी धरती प्यारी-न्यारी,
लगती है जैसी राजकुमारी।।

धरती हमारी जीवन दाता,
इसमें रहता पानी बहुत सारा।
अलग-अलग हैं मौसम इसमें,
अलग-अलग हैं देश प्यारे।।



🙏 रचना-:
अभिषेक (कक्षा-8)
रा० उ० प्रा० वि० धारकोट
ब्लॉक- अगस्त्यमुनि,
रुद्रप्रयाग (उत्तराखण्ड)

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



# मिशन शिक्षण संवाद


# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 26-11-2022

**285**

दिन- शनिवार

## राष्ट्रीय प्रतीक...




*राष्ट्रीय नदी है गंगा,*
*राष्ट्रीय ध्वज है तिरंगा।*
*राष्ट्रीयता भारतीय हमारी,*
*हिन्दी राष्ट्र भाषा है प्यारी।।*

*राष्ट्रीय पुष्प कमल है न्यारा,*
*राष्टघोष जयहिन्द हमारा।*
*जलेबी है राष्ट्रीय मिष्ठान,*
*खिचड़ी है राष्ट्रीय पकवान।।*

*राष्ट्रीय पक्षी मोर है न्यारा,*
*बरगद राष्ट्रीय वृक्ष हमारा।*
*राष्ट्रीय पशु है बाघ को जानो।*
*राष्ट्रीय मुद्रा रुपया पहचानो।।*

*राष्ट्रीय फल है आम कहाता,*
*राष्ट्रगान जन-गण-मन गाता।*
*हॉकी राष्ट्रीय खेल कहाये,*
*भारत का है मान बढ़ाए।।*


रचना-
**श्वेता मिश्रा (कक्षा-8)**
**उ० प्रा० वि० चित्रवार**
**क्षेत्र- मऊ जनपद- चित्रकूट**




शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण

मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार


दिनाँक- 28-11-2022

286

दिन- सोमवार

## पदार्थ की अवस्थाएँ...

ईंट ठोस है, गैस CO2,
द्रव है मट्ठा, पानी।
तीन अवस्थाएँ पदार्थ की,
जानों बनो तुम ज्ञानी।।
ठोस का, आयतन, आकृति निश्चित,
द्रव का आयतन निश्चित।
हर बर्तन की तरह हो जाता,
आकृति रहे अनिश्चित।।
गैसीय पदार्थों के अणुओं में,
अधिक रिक्त स्थान रहे।
इसीलिए आकृति व आयतन,
कभी नहीं निश्चित रहे।।




रचना-
संस्कृति मिश्रा (कक्षा-8)
उ0 प्रा0 वि0 चित्रवार
क्षेत्र- मऊ, जनपद- चित्रकूट



शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण



मिशन शिक्षण संवाद

# बाल सृजन संसार

दिनाँक- 29.11.2022

287

दिन- मंगलवार

## जंगल में मंगल...




सूरज निकला हो गयी भोर,
जंगल में है नाचा मोर।
बुलबुल ने है गाना गाया,
और भालू ने नाच दिखाया।।

बन्दर ने है केला खाया,
सभी जानवरों को ललचाया।
कोयल की है मीठी बोली,
कुहू-कुहू कर मिसरी घोली।।

कौए ने है शोर मचाया,
सभी जानवरों को चौंकाया।
शेर यहाँ राजा कहलाया,
जंगल में है मंगल छाया।।





रचना
अनुज कुमार (छात्र, कक्षा 6)
उ० प्रा० वि० स्योढ़ा
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान, शिक्षक का सम्मान, मानवता का कल्याण
मिशन शिक्षण संवाद
बाल सृजन संसार
दिनाँक- 30/11/2022
288
दिन- बुधवार

# प्रधान जी

प्रधान जी आये हैं,
खूब मिठाई बटवाये हैं।
बच्चे मिठाई खाये हैं,
स्कूल भी अच्छा बनवाये है।।



सबसे अच्छे प्रधान जी हैं,
हम सब को इनाम लाये हैं।
स्कूल को साफ करवाये हैं,
स्वच्छ साफ बनवाये हैं।।

रचना-
काजल कुमारी (कक्षा- 5)
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
क्षेत्र- चहनियाँ, जनपद- चन्दौली

